साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइन्स

पंजियन क्रमांक – mphin / 2018/ 76962

संस्थापक – स्व॰ इन्द्रदेव जी जाजपुरा

संपादक अविनाश जाजपुरा

वर्ष -03 | अंक - 23 | बुधवार 14 / 10 / 2020 | पृष्ठ - 4 | मूल्य - 5 रूपए

| covid-19 update | NMH मे सन्क्रमित | MP मे सन्क्रमित | IND मे सन्क्रमित | WRD मे सन्क्रमित |
|---|---|---|---|---|
| | 2142 | 148298 | 861854 | 37459161 |

## आईपीएल क्रिकेट पर सट्टा लगाते 02 गिरफ्तार।

### 6 मोबाईल 1 टीवी 4580 रू.नकद जप्त

नीमच पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा अपराध समीक्षा बैठकों के दौरान जिलें के समस्त थाना प्रभारियों को सट्टा, जुआं एवं आईपीएल के दौरान के लगने वाले क्रिकेट सट्टे पर सख्ती से अंकुष लगाने संबंधी निर्देष दिये गये है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेष, नगर पुलिस अधीक्षक राकेश मोहन शुक्ल के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी नीमच कंट अजय सारवान के मार्गदर्षन एवं उनि सूमित मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय नीमच एवं थाना नीमच कंट की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 12.10.2020 की रात्रि मुलचंद मार्ग स्थित बोहरा कब्रिस्तान के पास मषहुर क्रिकेट सटोरिया मोहम्म्द सलीम उर्फ उलिया के घर दबिष देकर रायल चेलेन्ज बैंगलोर एवं कोलकाता नाईट राईडर पर क्रिकेट का सट्टा लगाते 02 लोगो को गिरफ्तार किया जाकर 06 मोबाईल, 01 टीवी, सेटटॉप बाक्स, 4580६– रूपयें नगदी सहित 30 लाख का क्रिकेट हिसाब जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 12/10/20 की रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि मुलचंद मार्ग स्थित बोहरा कब्रिस्तान के पास मोहम्म्द सलीम उर्फ उलिया अपने घर में बैठकर मोबाईल पर आईपीएल क्रिकेट सट्टा कर रहा है। मूखबीर सूचना पर से उप निरीक्षक सूमित मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय नीमच एवं थाना नीमच कंट की संयुक्त टीम द्वारा दबिष देते मोहम्म्द सलीम उर्फ उलिया पिता अब्दुल मजीद अब्बासी निवासी मुलचंद मार्ग स्थित बोहरा कब्रिस्तान के पास नीमच एवं नासीर हुसैन पिता अब्दुल मजीद अब्बासी निवासी महावीर कालोनी हवाई पट्टी रोड़ नीमच को रायल चेलेन्ज बैंगलोर एवं कोलकाता नाईट राईडर पर क्रिकेट का सट्टा लगाते गिरफ्तार किया गया। मोहम्म्द सलीम उर्फ उलिया से पूछताछ के दौरान उसके द्वारा रितेष जैन उर्फ कालू निवासी उदयविहार के द्वारा किक्रेट सट्टे की लाईन देना बताया गया एवं अन्य कई नामों का खूलासा किया गया। उक्त पर से पुलिस थाना नीमच कंट पर अपराध क्रमांक 473६20 धारा 3६4, 4–क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट के तहत पंजीबद्व कर प्रकरण में विवेचना जारी है। जप्त मश्रुका – 06 मोबाईल, 01 वीडीयोकॉन टीवी, सेटटॉप बाक्स, 02 रिमोट, 4580६– रूपयें नगदी एवं 30 लाख का क्रिकेट हिसाब

सराहनीय कार्य – उक्त कार्य में थाना प्रभारी नीमच कंट अजय सारवान, उनि सुमित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय नीमच एवं थाना नीमच कंट की संयुक्त टीम की सराहनीय भूमिका रही

## भ्रष्टाचार की दीमक लगी जनपद मनासा, बिना कमीशन के नही होता काम !

### सरपंचो ने विधायक को बताई समस्या ।



मंगल गोस्वामी मनासा। किराना कि दुकान बन गई जनपद पंचायत कार्य खोलने से लेकर भुगतान तक हमसे कमीशन की मांग की जाती हैं। नहीं देने पर काम को अटका दिया जाता हैं। जनपद पंचायत मनासा का भष्ट्राचार चरम पर जहा पर बिना कमीशन लिए कोई कार्य नहीं किया जाता यह पीडा सोमवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष मनासा मे की 97 पंचायतों के सरपंचों ने विधायक मारू को जनपद सभा गृह मे बैठक के दौरान बताई। विधायक मारू को बताया कि जब से नए साहब आए है जनपद में भष्टाचार बढ गया हैं। चाहे सांसद निधि हो या विधायकनिधि या मनरेगा या श्रमिक के लिए कर्मकार भवन की डायरी बनाने के लिए भी 500 रुपये की मांग रखी जाती है , ए एसटी एस विकास कार्यो मे पत्येक कार्य के लिए हमसे 1 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक देना पड़ता मांग की जाती है नहीं देनपर किए गए विकास कार्य का निरिक्षण करने की बात कही जाती हैं। राशि दे दे तो कोई निरिक्षण करने नहीं आता। किए गए कार्य की समय पर भुगतान नहीं होने पर मजदूरों से लेकर मटेरियल व्यापारी एवं ठेकेदार परेशान करते हैं। कार्य की राशि व्यापारियों एवं ठेकेदारों को समय पर नहीं देने पर ओने पोने दर पर ब्याज वसुलते हैं। जिसके चलते हमें दोहरी आर्थीक मार झेलनी पड रही हैं।

### सीईओ / विधायक का कहना है -

इनका कहना– –सरपंच संघ द्वारा मेरे ऊपर अपष्त्यक्ष रूप से दबाव बनाया जा रहा हैं। गुणवत्ता विहिन एवं मोके पर कार्य नहीं होने के बावजुद सीसी जारी करने की मांग सरपंचों द्वारा की जाती हैं। जो पुरी तरह गलत है कार्य की गुणवत्ता को देखना हमारी जवाबदारी हैं। सरपंचों द्वारा लगाए गए आरोप गलत एवं निराधार हैं। –लक्ष्मणसिंह डिंडोर, सीईओं जनपद मनासा –

सरपंच संघ ने बैठक के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत कराया हैं। दो दिन में सभी सरपंचों से रूके हुए कार्यों की जानकारी मांगी हैं। जिनका का जनपद के अधिकारीयों के साथ बैठक आयोजित कर निराकरण किया जाएगा।

अनिरूध्द माधव मारू–विधायक मनासा

## मुखबिर को जान से मारने का प्रयत्न करने वाले आरोपी की दुसरी बार प्रस्तुत जमानत खारिज ।

नीमच। श्रीमान अजय सिंह ठाकुर, अपर सत्र न्यायाधीश, नीमच द्वारा मुखबिर को जान से मारने का प्रयत्न करने वाले आरोपी विक्रमसिंह पिता लालसिंह सिसौदिया, उम्र–36 वर्ष, निवासी ग्राम खेरमालिया, जिला नीमच की दुसरी बार प्रस्तुत जमानत खारिज की गई। अपर लोक अभियोजक श्री दिनेश वैध द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया की घटना दिनांक 15.10.2018 को शाम 7:30 बजे ग्राम बिसलवास वामनवर्डी के बीच रास्ते की हैं। फरियादी राजेन्द्र सिंह को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल नीमच लाये जाने पर उसने बताया कि घटना दिनांक को जब वह मोटरसायकल से अपने घर जा रहा था, तभी उसके पीछे से एक मोटरसायकल पर 3 लोग आये और उसका रास्ता रोककर, उससे कहा कि वह ज्यादा पुलिस की मुखबिरी करता हैं, कहकर उसके साथ लट्ठ से मारपीट करने लगे आरोपीगण ने उसे अपनी मोटरसायकल में बैठाया और रोड़ से लगभग 150 मीटर दूर कुएँ पर जान से मारने की नियत से फैंकने जाने लगे, तभी कुएँ पर खेत के मालिक व अन्य लोगो को देखने पर आरोपीगण ने उसे वही गिरा दिया और उसके दाहिने पैर पर एक बड़ा सा पत्थर पटक दिया, जिसके बाद आरोपीगण अपनी मोटरसायकल लेकर वहा से भाग गये, जिस पर आरोपीगण के विरूद्ध थाना बघाना में अपराध क्रमांक 288/2018, धारा 341, 307, 34 भादवि में पंजीबद्ध किया गया, आरोपी विक्रमसिंह द्वारा पूर्व में भी जमानत आवेदन पेश किया था, जोकि खारिज हो गया था, जिस पर आरोपी द्वारा पुनः अपर सत्र न्यायाधीश, नीमच के समक्ष दुसरी बार जमानत आवेदन प्रस्तुत किया गया। श्री शादाब खान, अपर लोक अभियोजक द्वारा आरोपी विक्रमसिंह की ओर से प्रस्तुत द्वितीय जमानत आवेदन का विरोध करने पर उक्त जमानत खारिज की गई।

अधिक खबरों के लिए प्ले स्टोर से हमारा एप्प डॉउनलोड करे और पाए क्षैत्र ,देश व दुनिया की हर खबर

सबसे पहले , सबसे तेज।

नीमच हेडलाइंस

सम्पर्क – 9893796737

## सम्पादकीय

# मास्क बगैर नही गुजारा

किसी कक्षा में जैसे एक नया विद्यार्थी आता है, जमात में एक नया तालिब... और उस वातावरण का, उस माहौल का अभिन्न हिस्सा बन जाता है, ठीक उसी तरह हिंदीः हिंदुस्तानी में एक नया शब्द प्रवेश कर गया है, एक नया लफ्ज दाखिल हो गया है, हमेशा–हमेशा के लिए– मास्क! भर्ती हो गई है श्मास्क की हमारी हिंदी हदुंस्तानी की श्क्लास में। सिर्फ इन दोनों में क्यों, भारत की हर भाषा में। कश्मीर से लेकर तमिल और मलयालम तक, कच्छ से लेकर पूर्वोत्तर की हर जबान तक। कोई इसे श्मुखौटा नहीं कहता। कोई इसे श्नकाब के नाम से नहीं बुलाता। मास्क... सिर्फ मास्क! हो अंग्रेजी का यह शब्द, हो श्विदेशी, लेकिन अब लाखों–करोड़ों हिंदुस्तानी इस छोटे से (क्या कहें इसको?) असबाब को मास्क के ही नाम से जानते हैं, पहचानते हैं, खरीदते हैं। मास्क! कहां से आया है यह शब्द? क्या है इसकी व्युत्पत्ति? कहते हैं, फ्रांसीसी से आया है यह अंग्रेजी में। फ्रांसीसी भाषा की वर्तनी में– श्मास्क्यू। पुरातन फ्रांसीसी में मास्क का मतलब था श्चेहरे को ढकने वाला परदा। फिर वही मास्क नौटंकियों के जरिए कुछ मजाकिया भी बन चला। कहते हैं कि अरबी लफ्ज श्मसखरा भी मास्क से जुड़ा हुआ है। रंगमंच में और नाट्य–क्षेत्र में मास्कों की, मुखौटों की अपनी जगह होती है। सराइकेला और मयूरभंज के छाउ नाट्य मास्क के बिना नहीं रचाए जाते। हमारी आदिवासी जनता के नृत्य–संबंधी मास्क इंतहा खूबसूरत होते हैं। सर्कसों में जोकर मास्क पहना करते थे। श्मेरा नाम जोकर में राज कपूर का पहना हुआ (या पेंट किया हुआ) मास्क मशहूर है। मुकेश की आवाज में गाया हुआ श्जीना यहां मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां... भी उतना ही मशहूर। कितना हंसाया राज–जी ने उस गाने के साथ, कितना रुलाया!आजकल सर्कस कम दिखते हैं– सर्कस मंचों पर। अतरू जोकर भी कम हो गए हैं, सर्कस मंचों पर। दोनों का मानो तबादला–सा हो गया है। वे अन्य मंचों में चले गए हैं, सर्कस भी और जोकर भी। और किस्म–किस्म मास्क दिखते हैं उन पर! उन्हें देख पता नहीं चलता कि हम हंसें या रोएं! बहरहाल! अब जो मास्क हमारी जीवन–प्रक्रिया से जुड़ गया है, जिंदगी की राहों का हिस्सा बन गया है, उसका काम दूसरा है। उसकी भूमिका, उसकी सिफत कुछ और है।माना गया है कि जैसे ही वैक्सीन रूपी उपाय तशरीफ लाएगा, वायरस अपनी तशरीफ ले जाएगा। ईश्वर करे, खुदा करे ऐसा ही हो। लेकिन कौन जाने वैक्सीन कब आएगी? और कौन कह सकता है कि वह वैक्सीन हिंदुस्तान की एक बिंदु तीन अरब लोगों तक पहुंच पाएगी, उस तमाम जन–समूह को सुकून दे पाएगी? और अगर हर हिंदुस्तानी को कोरोना का टीका लग भी जाता है, तो वह टीका किस हद तक उस आदमी को सुरक्षित, महफूज, सही सलामत रख पाएगाऔर मैं यह भी सुनता हूं कि वैक्सीन जब कोरोना की महामारी को रफा–दफा करेगी, तब भी वह पूरी तरह नहीं जाएगी। एपिडेमिक न रहते हुए वह श्एंडेमिक बन जाएगी। यानी कहीं न कहीं, इधर–उधर सिकुड़कर वास करेगी और कम–ज्यादा मात्रा में हमें परेशान करती रहेगी। यानी मास्क से जनता अब कभी भी अलग नहीं हो सकेगी। बुजुर्ग लोग तो कतई नहीं। भीड़ में बिल्कुल नहीं, मुसाफिरी में नहीं, जश्न में, खुशी–ओ–गम के मौकों में नहीं, मंदिर–मस्जिद–गिरजाघर–गुरुद्वारे में नहीं, त्योहारों में नहीं, मंडियों में नहीं, मॉल्स में नहीं और जब सिनेमाघर फिर खुलेंगे, तब उनमें नहीं। बुद्धिमानी, अक्लमंदी इसी में है कि हम यह मानकर चलें कि अब अनिश्चित–काल तक के लिए हम और हमारे मास्क जीवनसाथी बन गए हैं। हम बेहद मुश्किली के दौर से गुजर रहे हैं। लाखों की नौकरियां, रोजगारी जाती रही हैं। ईश्वर की कृपा से खेती रुकी नहीं है। फसल कटी है, अनाज–धारा चलती आ रही है। लेकिन अगर जनता अपनी खरीदारी की ताकत को खोने लगे, अनाज का क्रय–विक्रय अड़चन में पड़े तो संकट होग।


# गाँव गरीब कीसानो के लिए समर्पित है भाजपा - तोमर

## कृषि मंत्री भी हुए सम्मेलन में सम्मीलित ।




हाटपीपल्या । भारतीय जनता पार्टी गांव गरीब और किसान के लिए समर्पित पार्टी है। भाजपा ने ना तो किसान और ना ही गरीब को कभी राजनीति का हिस्सा माना। गरीबी उन्मूलन पर ईमानदारी से काम किया और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांव, गरीब, किसान का स्तर उठाने का प्रयास किया। यह बात केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर हाटपिपलिया में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। श्री तोमर ने कार्यकर्ताओं से उपचुनाव में जी जान से मेहनत करने का आह्वान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल, शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद महेंद्र सोलंकी, विधायक गायत्री राजे पवार सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम राजमाताविजयाराजे सिंधिया के दिया,जन्म जयंती शताब्दी वर्ष पर उन्हेंश्रद्धांजलि अर्पित की। श्री तोमर नहाटपिपलिया क्षेत्र के बारे में कहा कि यह क्षेत्र हमेशा से जनसंघ और भाजपा का गढ़ रहा है। इस क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी भाजपा जीती है। उन्होंने कहा भाजपा ऐसा दल है, जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। जबकि कांग्रेसी की कथनी और करनी दोनों अलग है। उन्होंने कहा 2018 के चुनाव में राहुल गांधी ने 10 दिन में कर्ज माफी नहीं होने पर मुख्यमंत्री बदलने की बात कही थी, लेकिन कांग्रेस ने ना तो कर्ज माफकिया ना मुख्यमंत्री बदला। कांग्रेस ने जो कहा वह कभी नहीं किया यह कांग्रेस का अनुवांशिक गुण है।उन्होंने कहा भाजपा ने हमेशा जो कहा वही किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए संघर्ष प्रारंभ किया था, उसी प्रकार दीनदयाल उपाध्याय ने राम मंदिर के लिए संघर्ष शुरू करवाया। लालकृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक रथ यात्रा निकाली, जिसके चलते गई। पीछे नहीं हटी और सरकार बनते ही कश्मीर से धारा 370 हटी और राम मंदिर का रास्ता भी साफ हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि श्री मोदी ने 2014 में सत्ता संभाली और इसके बाद से गरीबों के जनधन खाते प्रधानमंत्री आवासगैस की टंकी दी, सौभाग्य योजना में निशुल्क बिजली के कनेक्शन दिए।यहां तक की शौचालय भी बनवाए। वहीं किसानों का जीवन स्तर सुधारने के लिए कृषि कानून के जरिए किसानों को आजादी दी। एमएसपी को डेढ़ गुना बढ़ाया प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार ने गेहूं और धान पर बोनस दिया। बिना ब्याज कर्ज दिया और 24 घंटे बिजली देकर प्रदेश से डीजल पंपों का सफाया कर दिया। वहीं केंद्र सरकार ने गांव का स्तर उठाने के लिए स्वामित्व योजना लाकर बड़ा काम किया है। किसानों को बिचौलियों से मुक्त करने के कृषि सुधार बिल आने से कांग्रेस के पेट में मरोड़ उठ रही है। क्योंकि इससे उनका भ्रष्टाचार खत्म होगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने अच्छा काम किया होता तो मनोज चौधरी और उनके सहित अन्य विधायकों को इस्तीफा नहीं देना पड़ता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मनोज चौधरी का कर्ज उतारने की अपील की।

# वैष्णों देवी मंदिर मे नवरात्री पर १५ अक्टूबर से रोज ७ हजार श्रद्धलुओ को दर्शन की अनुमति ।




जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में 15 अक्टूबर से प्रतिदिन 7 हजार श्रद्धालुओं को दर्शन करने की अनुमति दी जाएगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रमेश कुमार ने 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्र के लिए 'यात्रा' प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कहा कि पहले यह सीमा प्रतिदिन 5 हजार थी, जिसे 15 अक्टूबर से बढ़ाकर 7 हजार किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यात्रापंजीकरण काउंटरों पर लोगों की भीड़ एकत्र होने से बचने के लिए तीर्थयात्रियों का पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा। कुमार ने कहा कि नवरात्र के मौके पर मातावैष्णों मंदिर को फूलों से सजाने का कामकिया जा रहा है। सीईओ ने कहा कि नवरात्र के दौरान तीर्थयात्रियों के बड़ी संख्या में आने के मद्देनजर कटरा और भवन के बीच 15 अक्टूबर से 'पिट्ठू' और 'पालकी' 'सेवाओं' के सचालनकी अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों, बोर्ड के कर्मचारियों और सेवा प्रदाताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा अधिसूचित सुरक्षा उपायों औरदिशा–निर्देशों का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्द ही मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की जाएगी। कुमार ने पानी की समुचित व्यवस्था, मंदिर मार्ग पर बिना व्यवधान के बिजली आपूर्ति, स्वच्छता, बोर्ड के भोजनालयों में खाद्य पदार्थों की उपलब्धता समेत कई प्रबंधों का जायजा लिया।

हिंदू महाकाव्य के अनुसार, मां वैष्णो देवी ने भारत के दक्षिण में रत्नाकर सागर के घर जन्म लिया। उनके लौकिक माता–पिता लंबे समय तक निःसंतान थे। देवी बालिका के जन्म से एक रात पहले, रत्नाकर ने वचन लिया कि बालिका जो भी चाहे, वे उसकी इच्छा के रास्ते में कभी नहीं आएंगे। मां वैष्णो देवी को बचपन में त्रिकुटा नाम से बुलाया जाता था। बाद में भगवान विष्णु के वंश से जन्म लेने के कारण वे वैष्णवी कहलाईं। जब त्रिकुटा 9 साल की थीं, तब उन्होंने अपने पिता से समुद्र के किनारे पर तपस्या करने की अनुमति चाही. त्रिकुटा ने राम के रूप में भगवान विष्णु से प्रार्थना की। सीता की खोज करते समय श्री राम अपनी सेना के साथ समुद्र के किनारे पहुंचे। उनकी दृष्टि गहरे ध्यान में लीन इस दिव्य बालिका पर पड़ी। त्रिकुटा ने श्री राम से कहा कि उसने उन्हें अपने पति के रूप में स्वीकार किया है। श्री राम ने उसे बताया कि उन्होंने इस अवतार में केवल सीता के प्रति निष्ठावान रहने का वचन लिया है। लेकिन भगवान ने उसे आश्वासन दिया कि कलियुग में वे कल्कि के रूप में प्रकट होंगे और उससे विवाह करेंगे।

## फिल्मी दुनिया

# प्रभास का सपना बिग बी के साथ काम करने का ।

### दीपिका पादुकोण के साथ होंगे बाहुबली



बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन, साउथ से सुपर स्टार प्रभास की अगली फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी हैं। के बैनर तले बन रही इस फिल्म को निर्देशन नाग अश्विन कर रहे हैं। अभी तक फिल्म का नाम सामने नहीं आया है, लेकिन खुद सुपरस्टार प्रभास ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर पुष्टि की कि महानायक /उपजंझी ठबीबींद उनके साथ इस फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। यह फिल्म 2022 में कई भाषाओं में एक साथ रिलीज होगी। वीडियो में कहा गया है कि बिना लीजेंड के हम एक लीजेंडरी फिल्म बनाने की कोशिश कर सकते हैं। नाग अश्विन की फिल्म में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे। वीडियो शेयर करते हुए प्रभास ने लिखा, आखिरकार सपना सच होने जा रहा है। मैं लीजेंडरी अमिताभ बच्चन के साथ काम करने जा रहा हूं। बता दें, अमिताभ बच्चन अभी कौन बनेगा करोड़पति की शूटिंग में बिजी हैं। इसके बाद उनके पास कई फिल्म प्रोजेक्ट हैं, जिनमें अयान मुखर्जी की सुपरनैचुरल थ्रिलर ब्रहास्त्र शामिल है। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और मौनी रॉय नजर आएंगी। इसके अलावा महानायक नागराज मंजुले की फिल्म झुंड में भी नजर आएंगे। इस फिल्म में इमरान हाशमी हैं।

# अक्षय कुमार की लक्ष्मी बम के ट्रेलर ने किया धमाका !




अक्षय कुमार और कियारा आडवाणी की हॉरर–थ्रिलर फिल्म लक्ष्मी बम का धमाकेदार ट्रेलर आज रिलीज हो गया। अक्षय कुमार पहली बार इस फिल्म में ट्रांसजेंडर के किरदार में नजर आ रहे है। अक्षय भूलभुलैया में भूत भगाने वाले डॉक्टर के किरदार में थे, मगर इस बार वो खुद भूत का शिकार बने हैं। लक्ष्मी बम इस साल दिवाली के मौके पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जा रही है। कियारा आडवाणी के साथ अक्षय की दूसरी फिल्म है। दोनों ने इससे पहले गुड न्यूज में साथ काम किया था, मगर कियारा उनकी हीरोईन नहीं थी। लक्ष्मी बम की कहानी के अनुसार, अक्षय के किरदार में एक ट्रांसजेंडर की आत्मा आ जाती है, जिसे बदला लेना है और इसके बाद सभी की जिंदगी में उथल–पुथल मच जाती है। लक्ष्मी बम अगले महीने 9 तारीख को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। अक्षय कुमार ने 8 अक्टूबर को ट्रेलर की जानकारी देते हुए ट्वीट किया– हंसोगे, डरोगे और अपने घर वालों के साथ मिलकर कल सबसे बड़ा धमाका देखोगे। लक्ष्मी बम का ट्रेलर कल आ रहा है। लक्ष्मी बम अक्षय की साल 2020 की पहली फिल्म होगी। इस साल कोरोना वायरस के चलते सिनेमाघर बंद होने की वजह से कोई फिल्म रिलीज नहीं हो सकी। अक्षय कुमार की इस फिल्म को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूएई के दर्शक बड़े पर्दे पर भी देखसकेंगे, क्योंकि फिल्म वहां 9 नवम्बर को वहां सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लक्ष्मी बम एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन राघव लॉरेंस ने किया है।यह तमिल ब्लॉकबस्टर मुनि 2– कंचनाश का आधिकारिक रीमेक है। पहले इस फिल्म को ईद पर रिलीज किया जाना था, लेकिन कोविड–19 महामारी के बाद सिनेमाघर बंद होने की वजह से इसकी रिलीज टाल दी गई थी। अक्षय ने इसकी रिलीज डेट की घोषणा 16 सितम्बर को की थी। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा था– इस दिवाली आपके घरों में लक्ष्मी के साथ एक धमाकेदार बम भी आएगा। आ रही है लक्ष्मी बम। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अक्षय की इस साल रिलीज के लिए तय फिल्में अब 2021 में आएंगी। इनमें सूर्यवंशी, पृथ्वीराज, बच्चन पांडेय और बेलबॉटम शामिल हैं। वैसे, केंद्र सरकार ने 15 अक्टूबर से सिनेमाघर खोलने की अनुमति दे दी है, मगर अभी तक किसी फिल्म के सिनेमाघर में रिलीज की घोषणा नहीं हुई है।

## बिजनेस / टेक्नॉलॉजी

# फेस्टीवल सेशन में आसानी से मिलेंगे बडे ओर प्रीमियम टीवी सेट , मोबाईल को लेकर भी अच्छी खबर

सरकार ने सैमसंग, एलजी और सोनी जैसी प्रमुख टीवी निर्माता कंपनियों को 55–इंच और उससे बड़े स्क्रीन आकार वाले प्रीमियम टीवी सेट के आयात को मंजूरी दे दी है। टीवी उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से उन्हें बड़ी राहत मिली है, क्योंकि त्योहारों के बीच मांग जोर पकड़ रही है। ये टीवी कंपनियां महंगे प्रीमियम श्रेणी के टेलीविजन सेट के लिए आयात पर निर्भर हैं। सोनी इंडिया के एमडी सुनील नैय्यर ने बताया कि कंपनी के बड़े आकार वाले टेलीविजन सेट बंदरगाहों पर अटक गए थे, लेकिन सरकार के नए फैसले के बाद बाजार में प्रीमियम टीवी सेट की उपलब्धता बढ़ जाएगी और त्योहारी सीजन के दौरान मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी लाइसेंस मिलने की पुष्टि की है। मोबाइल फोन क्षेत्र में 11,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मंजूर निवेश को बढ़ावा देने की केंद्र की योजना फलीभूत होने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि कुल 11,000 करोड़ रुपये के निवेश वाले 16 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। यह मंजूरी भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बड़े निवेश को बढ़ावा देने के लिए लागू प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) योजना के तहत दी गई है। इस वर्ष पहली अप्रैल को लांच इस योजना के जरिये इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरर को कारोबार में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहन के उपाय किए गए हैं। प्रस्ताव की मंजूरी पाने वाली विदेशी कंपनियों में एपल के लिए आइफोन बनाने वाली कंपनियां विंस्ट्रॉन, पेगाट्रॉन और फॉक्सकॉन होन हई शामिल हैं। घरेलू कंपनियों में लावा, भगवती (माइक्रोमैक्स), पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स (डिक्सन टेक्नोलॉजीज), यूटीएल, नियोलिंक्स और ऑप्टिमस के नाम हैं। मंत्रालय के पास कुल 23 प्रस्ताव आए थे। मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इस निवेश के जरिये अगले पांच वर्षों में देश के भीतर कुल 10.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन की मैन्यूफैक्चरिंग होने का आकलन है। इसके जरिये दो लाख लोगों को प्रत्यक्ष व करीब छह लाख लोगों को परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलने की बात भी कही गई। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि इन प्रस्तावों से पता चलता है कि केंद्र सरकार की पीएलआइ योजना सफल साबित हुई है। मैन्यूफैक्चरिंग में वैल्यू चेन को और मजबूत करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि नई निवेश के बाद घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरर्स की बाजार में हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगी।


# रिफाइंड सोया तेल की कीमत २.१ प्रतिशत बढी !



6 अक्टूबर। मांग बढ़ने की वजह से मंगलवार को वायदे में रिफाइंड सोया तेल की कीमत 2.1 प्रतिशत बढ़ गई। एनसीडीईएक्स पर रिफाइंड सोया तेल की अक्टूबर डिलीवरी 11 रुपये की तेजी के साथ 902 रुपये प्रति 10 किलो हो गई। इसकी नवंबर डिलीवरी भी 4.9 रुपये बढ़कर 905.1 रुपये प्रति 10 किलो हो गई। मजबूत हाजर मांग के कारण एनसीडीईएक्स पर सोयाबीन की कीमत (अक्टूबर डिलीवरी) 12 रुपये की तेजी के साथ 3,830 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।सका नवंबर डिलीवरी भाव भी 18 रुपये बढ़कर 3,865 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। इ बाजार सूत्रों ने बताया कि मांग बढ़ने के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की, जिससे मुख्यतः वायदा कारोबार में सोयाबीन के भाव बढ़ गए। इंदौर में सोया प्रकाश, बजरंग और अविएग्रो 905 रुपये प्रति 10 किलो। केशव व विप्पी 903 रुपये और अंबुजा 910 रुपये प्रति 10 किलो के भाव रहे। इसके अलावा कालापीपल अंबिका 907 रुपये, नीमच धानुका 897 रुपये, नीमच एमएस 898 रुपये, मंदसौर अमृत 900–905 रुपये और पचोर एमएस 905 रुपये प्रति 10 किलो रहे।

# पाकिस्तान ने लगाया टिकटॉक पर बैन

## अश्लीता का दिया हवाला



पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण ने शुक्रवार को जारी अपने एक बयान में कहा कि लोकप्रिय वीडियो–शेयरिंग एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि भारत, अमेरिका समेत दुनिया के कई देश टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। पीटीए ने कहा कि उसने जुलाई में टिकटॉक को अपने मंच पर अश्लील और अनैतिक सामग्री को हटाने के लिए अंतिम चेतावनी जारी की थी। पाकिस्तान की नियामक संस्था की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कई शिकायतें अनैतिक, अशोभनीय सामग्री के खिलाफ की गई थीं, जिन्हें एप पर साझा किया गया था। गत जुलाई 2020 में भारत सरकार ने देश में इस ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने आईटी एक्ट की धारा 69। के तहत कार्यवाही करते हुए 59 मोबाइल एप्स को ठंद करने का निर्णय लिया। भारत चीन तनाव के बीच सरकार ने टिक टॉक समेत 59 मोबाइल एप पर प्रतिबंध लगा दिया। इस सूची में टिकटॉक, हेलो, वीचैट, यूसी ब्राउजर जैसे प्रमुख एप भी शामिल हैं। चीन के ये 59 एप भारत की संप्रभुता, अखंडता व सुरक्षा को लेकर पूर्वाग्रह रखते थे। ऐसे में, सरकार ने आइटी एक्ट के 69ए सेक्शन के तहत इन 59 एप पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। सरकार को इन एप के गलत इस्तेमालको लेकर कई शिकायतें भी मिल रही थीं। यह भी शिकायत मिल रही थी कि ये एप एंड्रायड एवं आइओएस प्लेटफॉर्म से डाटा चोरी करने में भी सहायक हैं जिससे देश की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने लगे थे। साइबर क्राइम पर नजर रखने वाले सरकारी सेंटर एवं गृह मंत्रालय की तरफ से भी इन एप पर प्रतिबंध की सिफारिश की गई थी। भारत में टिकटॉक के लाखों फॉलोअर्स हैं।

पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण ने शुक्रवार को जारी अपने एक बयान में कहा कि लोकप्रिय वीडियो–शेयरिंग एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं। पाकिस्तान ने चीन के वीडियो शेयर करने वाले एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया है। उसने इस एप पर अनैतिक कंटेंट देने का आरोप लगाया है।

# कोरोना का खतरा ओर बढ सकता हे सर्दी में।

कोरोना वायरस मुख्य रूप से खांसने, छींकने, बातचीत करने या सांस लेने के दौरान निकलने वाले तरल कणों से फैलता है। कोरोना वायरस (कोविड–19) के कहर से इस समय पूरी दुनिया जूझ रही है। अब एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि सर्दी के मौसम में जब लोग घरों में रहना ज्यादा पसंद करते हैं, तब कोरोना का खतरा बढ़ सकता है। खासतौर पर वेंटीलेशन सिस्टम से संक्रमण फैलने का अंदेशा जताया गया है। यह सिस्टम कई इमारतों में तापमान अनुकूल बनाए रखने के लिए लगाया जाता है। ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के विज्ञानियों के अनुसार, व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले वेंटीलेशन सिस्टम के जरिये पूरे स्थान पर वायु जनित प्रदूषक तत्व फैल सकते हैं। इनके साथ तरल कण भी सकते हैं, जिनमें कोरोना वायरस भी हो सकता है।

इस बात के लगातार साक्ष्य बढ़ते जा रहे हैं कि कोरोना वायरस मुख्य रूप से खांसने, छींकने, बातचीत करने या सांस लेने के दौरान निकलने वाले तरल कणों से फैलता है। अध्ययन के इन निष्कर्षों से जाहिर होता है कि संक्रमण की रोकथाम के लिए मास्क पहनना और अच्छी गुणवत्ता के वेंटीलेशन सिस्टम की जरूरत है। शोधकर्ताओं ने अब तक के अध्ययनों के आधार पर कहा कि बाहर की अपेक्षा घर के अंदर संक्रमण के प्रसार का खतरा ज्यादा रहता है।

# भारत की उत्तरी सीमा पर चीन ने तैनात किए ६० हजार सैनिक, अमेरिकी ने लगाई फटकार



पोंपियो ने मंगलवार को टोक्यो में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ मुलाकात को फलदायी बताया। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने कहा है कि चीन ने भारत से लगती उत्तरी सीमा पर 60 हजार सैनिक तैनात किए हैं। पोंपियो ने सीमा पर तनाव को लेकर चीन के व्यवहार पर ना केवल उसे फटकार लगाई बल्कि यह भी कहा कि बीजिंग क्वाड देशों के लिए खतरा बन गया है।

कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद यह विदेश मंत्रियों की पहली मुलाकात थी। विदेश मंत्रियों की यहबैठक हिंद–प्रशांत, दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक सैन्य रवैये और पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत के साथ तनाव के बीच हुई। टोक्यो में भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्षों के साथ दूसरी क्वाड बैठक में भाग लेने के बाद अमेरिका लौटे पोंपियो ने शुक्रवार को द गाइ बेंसन शो में कहा कि भारतीय सेना उत्तरी सीमा पर 60 हजार चीनी जवानों की तैनाती को देख रही है। उन्होंने कहा, पिछले सप्ताह मैं भारत, ऑस्ट्रेलिया, और जापान के अपने समकक्षों के साथ था। हिंद–प्रशांत देशों के विदेश मंत्रियों के समूह को क्वाड के तौर पर जाना जाता है। इस समूह में भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्री मंगलवार को जापान की राजधानी टोक्यो में मिले थे। यह एक ऐसा प्रारूप है, जिसमें बड़े लोकतंत्र और शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं वाले चार देश शामिल हैं। इनमें से हर एक देश को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा खतरे का अंदेशा है। पोंपियो ने मंगलवार को टोक्यो में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ मुलाकात को फलदायी बताया। एक अन्य साक्षात्कार में पोंपियो ने कहा कि चीन के साथ इस लड़ाई में क्वाड देशों को अमेरिका को सहयोगी बनाने की आवश्यकता है।

# मध्य प्रदेश में कोरोना से एक और पुलिस अधिकारी की मौत



सिहोरा में खितौला थाना प्रभारी गोपाल सिंह जगेत(58) का कोरोना वायरस से निधन हो गया। जान जोखिम में डालकर वे कर्तव्य निर्वहन के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। 18 सितंबर को उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें जबलपुर के सिटी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। इलाज के दौरान शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे उनका निधन हो गया। जानकारी लगते ही जिले में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी एवं थाना प्रभारी तत्काल सिटी अस्पताल पहुंचे एवं अस्पताल में मौजूद परिजनों से चर्चा की, परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार जिला विदिशा में करने हेतु बताया गया जिस पर दिवंगत निरीक्षक गोपाल सिंह जगेत के पार्थिव शरीर को विदिशा ले जाने की व्यवस्था की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें सलामी और श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिवेश सिंह बघेल एवं रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी भी जिला विदिशा के लिए परिवार के साथ में रवाना हुए हैं। गोपाल सिंह जगेत के परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। बेटे और एक बेटी की शादी हो चुकी है।

# शिवराज का कमलनाथ पर पलटवार ,में शैम्पेन की बोतल लेकर नही घूमता हु

जैसे जैसे उपचनाव की तारीख नजदीक आते जा रही है, मध्यप्रदेश में सियासी पारा बढ़ते जा रहा है। राजनीतिक दलों में आरोप प्रत्यारोप की राजनीति तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नारियल वाले बयान पर अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करारा पलटवार किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं जेब में नारियल लेकर घूम रहा हूं, कोई शैम्पेन की बोतल लेकर नहीं घूम रहा। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि नारियल हमारा स्वभाव है। नारियल हमारा संस्कार है। शिवराज ने कहा कि नारियल हम भगवान को अर्पित करते हैं, मेरी जनता ही मेरा भगवान है। गौरतलब है कि कमलनाथ ने कहा था कि सीएम शिवराज अपने साथ नारियल लेकर चलते हैं और जहां मौका मिलता है वहां इसे फोड़कर नई घोषणा कर देते हैं।शिवराज बोले, विकास के कार्य को कमलनाथ ने किया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कमलनाथ ने जो विकास के काम ठप कर दिए, उसे हमारी सरकार ने फिर चालू कर दिया है। अब हम विकास के कार्य कर रहें तो इन्हें तकलीफ हो रही है और कुछ नहीं मिल रहा तो कह रहें कि हम नारियल लेके चलते हैं। नारियल सेवा का प्रतीक है। मैं नारियल लेकर चलता हूं, कोई शैम्पेन की बोतल तो लेके नहीं चलता हूं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक चुनावी सभा में कहा था कि शिवराज सिंह चौहान अब तक 17 हजार घोषणाएं कर चुके हैं। लेकिन वे यह नहीं समझ रहे हैं कि अब घोषणाओं से कुछ होने वाला नहीं है। उनके झूठ से अब झूठ को भी शर्म आने लगी है।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक , प्रकाशक , सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिन्टींगं प्रेस स्कीम नम्बर ३६ ए कलेक्टर कार्यालय के सामने से मुद्रीत एवं कार्स्मो स्कुल के पास इन्द्रा नगर नीमच से प्रकाशित / संपर्क 9893796737 (सभी विवादो को न्यायिक क्षैत्र नीमच रहेगा।)